वर्ष-3 अंक : 33

सहयोग शुल्क : रु. 1 / सितंबर : 2019

ॐकार फाउण्डेशन ट्रस्ट

# दिव्यांग सेतु

संपादक :- संतश्री ॐऋषि प्रितेशभाई



"हर छोटासा बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है ।"

– संतश्री ॐऋषि प्रितेशभाई



# निरामय हेल्थ पॉलिसी

## पात्रता

- केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही यह पॉलिसी सेरेब्रल, पाल्सी, ऑटिज्म, मेन्टल रिटार्डेशन, मल्टिपल डिसेबिलिटीसे असरग्रस्त दिव्यांगो को मिल सकती है।
- ४०% अथवा उससे अधिक दिव्यांगता से असरग्रस्त व्यक्ति को इस पॉलिसी का लाभ मिल सकेगा।
- रू. २५०/- बी.पी.एल. एवं रु.५००/- ए.पी.एल. दिव्यांगो के लिए सिंगल प्रीमियम

## लाभ

रु. १,००,०००/- तक का इंश्योरेंस मिल सकता है।
(निर्धारित किए हुए फंड के अनुसार)

**यह प्रीमियम ॐकार फाउन्डेशन द्वारा भरा जाएगा**

## आवेदन-पत्र के साथ जमा किए जाने वाले प्रमाण-पत्र/दस्तावेज

### सिविल सर्फर का दिव्यांगता दर्शाता प्रमाण-पत्र

(ऊपर बताई गई चार बीमारियों में से किसी भी एक का उल्लेख प्रमाण-पत्र में जरुरी है)

वर्तमान की पासपोर्ट साइज़ फोटो
राशनकार्ड की प्रमाणित कोपी
निवास स्थान का प्रमाण (राशनकार्ड अथवा वोटिंग कार्ड)
बी.पी.एल. कार्ड (यदि बी.पी.एल. में आते हैं तो)
बैंक पासबुक की फोटो कोपी (बैंक IFSC कोड के साथ)



# संपादकीय

साथी हाथ बढ़ाना,
एक अकेला थक जायेगा,
मिलकर बोझ उठाना .....

यह गीत जैसे की ये दिव्यांग जन की मनो-जगत को उजागर करने के लिए लिखा गया है। ये मिलकर बोझ उठाने की बात सारे समाज के लिए है. समाज की यह जवाबदारी बनती है की दिव्यांग लोगों का जीवन आसान और सामान्य बना रहे.

हम संस्थान के माध्यम से दिव्यांग लोगों की सेवा और उनकों प्रोत्साहन मिले ऐसे कार्यक्रम करते है. और ऐसे नेक कार्य में जुटी हुई कोई व्यक्ति हो या कोई संस्थान हो उनके द्वारा किया गया आयोजन का विवरण इस पत्रिका के माध्यम से लोगों तक पहुंचाते है. जिससे ये कार्य में और लोग भी जुड़ने की संभावना बनती है.

आओ 'साथी हाथ बढ़ाना... ' को सार्थक किया जाय. आप यदि ऐसी दिव्यांगसेवी संस्था या व्यक्ति की जानकारी रखते हो तो हमें इनका विवरण भेज सकते हो। हम यह पत्रिका के माध्यम से वह बात लोगों तक पहुंचाएंगे। हमारे साथ जुड़ने के लिए इच्छुक सभी का स्वागत है।


# दिव्यांग सेतु
मासिक पत्रिका

सितंबर : 2019, पृष्ठ संख्या : 16
वर्ष : 3 अंक : 33

✦ प्रेरणास्त्रोत और संपादक ✦

संतश्री ॐऋषि प्रितेशभाई

✦ सह-संपादक ✦

मिहिरभाई शाह

मो. 97241 81999

✦ संपर्क-सूत्र ✦

सेवा समर्पण फाउण्डेशन

ॐकार फाउण्डेशन ट्रस्ट (NGO)

Trust Reg. No. : E/20646/Ahmedabad

०१, ग्राउण्ड फ्लोर, आंगी एपार्टमेन्ट,

अन्नपूर्णा पार्टी प्लाट के सामने,

नया विकासगृह रोड, पालडी,

अहमदाबाद - ३८०००९

(मो.) 99749 55365, 9974955125

✦ मुद्रक ✦

**प्रिन्ट विज़न प्रा. लि.**

आंबावाडी बाज़ार, अहमदाबाद-6

Phone : 079 26405200

# ॐकार डे-केर सेन्टर के दिव्यांग बच्चोने मनाया स्वातंत्रता दिन

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ॐकार फाउन्डेशन ट्रस्ट द्वारा संतश्री ॐऋषि प्रितेशभाई की उपस्थितीमें दि.१५-०८-२०१९ को ध्वजवंदन का आयोजन किया गया था। जिसमें 150 से अधिक दिव्यांग बच्चों और आमंत्रित अतिथियों ने हिस्सा लिया। भारत देश के इस ऐतिहासिक दिन पर, "वंदे मातरम" के नारें से माहौल देशभक्तिमय हो गया। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए वहाँ जादूगर, टैटू कलाकार, गेम जॉन और डीजे  रखे गए थे। बच्चों ने इसका बहुत आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन गुरुजी के आशीर्वाद से हुआ और अंत में उपस्थित सभी आमंत्रित अतिथियों, बच्चों और उनके अभिभावकों ने साथ में हल्का नाश्ता भी किया।





























# दिव्यांग बच्चोने कीया ड्रीमलैंड-डिज़नीलैंड का सफर

बच्चों की एक अनेरी दुनिया है जिसमें डिज़नीलैंड का दौरा करना एक सपना होता है। ऐसा ही एक सपना था मैमनगर गांव स्थित नवजीवन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉक्टर हरिकृष्ण डाह्याभाई स्वामी स्कूल फॉर इंटेलिजेंटली इंटेलीक्च्युअली डिसेबल के बच्चों का था। जब से "तारक मेहता का उल्टा चश्मा" सीरियल के कलाकारों ने हांगकांग डिज्नी लैंड का दौरा किया था और उस एपिसोड को देखने के बाद उनकी ईच्छा बढ़ गई थी। उसको साकार करने के लिए इंटरनेशनल क्रिएटिव आर्ट सोसाइटी के संस्थापक ग्रिस्मा त्रिवेदी ने यह प्रयास किया।

इसके परिणामस्वरूप उनकी सोसायटी और नवजीवन ट्रस्ट के संयुक्त उपक्रम से उद्यम के २६ से ३० जुलाई के दौरान, संस्थान के ८ मनोदिव्यांग छात्रों को कुछ दाताओं की मदद से डिज्नीलैंड की यात्रा पर ले जाया गया। संस्थान के प्रशासक श्री नीलेश पंचाल और आईसीएएस के इवेंट ऑर्गेनाइजर श्री अर्पण झला भी शामिल हुए।

मनोदिव्यांग बच्चों और तीन एस्कॉर्ट्स की नवजीवन टीम हांगकांग के लिए दिनांक २६ को रवाना हुई। दिनांक २७ को हॉन्ग कॉन्ग की सिटी टूर की गई जिसमें विक्टोरिया व्यू, गोल्डन हार्बर व्यू, फिशिंग विलेज का दौरा किया गया था। दिनांक २८ को ओशन पार्क की मुलाकात की गई। जिसमे केबल कार और ओशन एक्सप्रेस में बिठा कर छात्रों को हांगकांग तट के साथ पर्वत श्रृंखला का संगम दिखाया गया था।

वहाँ पेंग्विन शो, डॉल्फिन शो दिखा कर कार रेसिंग, हेयर रेसर, आर्कटिक ब्लास्ट जैसी राइड्स का आनंद लिया। बोटिंग भी की गई थी। दिनांक २९ को डिज़नीलैंड की मुलाकात की गई। डिज़नीलैंड मतलब विज्ञान और मनोरंजन का अनोखा संगम है। जहाँ मिकी माउस का स्वागत छात्रों को खुश करता है। इनमें शॉपिंग एरा, वाइल्ड लॉयन किंग डांस शो, टार्जन ट्री विजिट, परेड, राइड्स ऑफ फिश, राइड्स ऑफ हॉर्स, हॉल ऑफ लिगेसी, साइंस शो, फ्लाइट क्रो स्टेशन, हाइपर स्पेस माउंटेन, कपराइड, फैंटसीवर्ल्ड, स्मॉल वर्ल्ड, टॉय स्टोरी, फैंटेसी गार्डन, वीडियो गेम ऑफ आर्यमेन, स्पाइडरमैन जैसे विभिन्न स्थानों का दौरा किया। दिनांक ३० को, टीम अहमदाबाद वापिस लौट आई थी।

डिज़नीलैंड की यात्रा करके छात्र बहुत खुश थे। थकान दिखाई नहीं पड़ी। उन्होंने धारावाहिक के दादा और जेठाजी को भी कई जगहों पर याद किया।

बच्चों के लिए चार सितारा होटल के अलावा, पिज्जा, आइसक्रीम, ठंडा और भाजीपाउ भी उपलब्ध कराया गया। ग्रीष्मा त्रिवेदी और अर्पण झाला ने आर्थिक मदद के साथ अपने समय का भी दान दिया था।उन्होंने तीन दिनों तक बच्चों के साथ रह कर यह महसूस किया कि यह बच्चे उनकी अपेक्षाओं के अनुसार बहुत तालीमी हैं।

उनको एक डर था कि अगर हम ऐसे बच्चों को विदेश ले जाते हैं, तो कोई समस्या नहीं होगी (?), लेकिन दिव्यांग होने पर भी इन बच्चों ने अपनी क्षमताओं को दिखाया और समाज को संदेश दिया कि हम आप ही का एक हिस्सा हैं, पंख फैला हम उड़ भी सकते हैं।

- नीलेश पंचाल









HONG KONG








WANTED











# दिव्यांग बच्चोने मनाया खेलकुद दिवस उत्सव

ॐकार फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित ॐकार दिव्यांग प्रशिक्षण दिवस देखभाल केंद्र में दि.१३/०८/२०१९ को एक खेल उत्सव आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ॐकार सेवादल के सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें, २५ से ३० दिव्यांग बच्चों ने इस रोमांचक प्रतियोगिता में भाग लिया। ॐकार दिव्यांग ट्रेनिंग डे केयर सेंटर के प्रिंसिपल और सभी शिक्षकों ने इन दिव्यांग बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत की।

ॐकार सेवादल के सदस्यों को दिव्यांग बच्चों को खेलते हुए देखने और उन्हें ट्रॉफी और उपहार देने का सौभाग्य मिला।



# दिव्यांग बच्चोने दादा-दादी अनाज कीट वितरण योजना का किया प्रारंभ ।

मंत्र युग परिवर्तक प.पू. संतश्री सद्गुरु ॐऋषि प्रितेषभाई की निश्रामें ओंकार फाउंडेशन ट्रस्टने दादा-दादी अनाज किट वितरण के लिए एक योजना शुरू की है । पहला वितरण ओंकार दिव्यांग डे-केर ट्रेनिंग सेन्टर के दिव्यांग बच्चों द्वारा दि. 13-08-2019 को किया गया था । वहां ॐकार सेवादल के सदस्यों ने भी भाग लिया । ॐकार सेवादल के सदस्यों के अर्थाक प्रयासोंसे यह मानव सेवा का कार्य सार्थक हुआ है ।














# बैंक ऑफ़ बड़ौदा (अखबारनगर ब्रांच) ने११२ वा जन्मदिन दिव्यांग बच्चो के साथ मनाया।

अहमदाबाद के अखबारनगर, नवा वाडज स्थित स्मित शाला के दिव्यांग बच्चों के साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा (अखबारनगर ब्रांच) की ११२ वा जन्मदिन का उत्सव मनाया गया। जिसमें बैंक के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। संस्थान के संचालक श्री चंदुभाई चौहाण ने बताया की यह समारोह में सब बच्चों को भोजन के साथ प्रोत्साहन के रूप में ईनाम भी दिया गया।








# फिल्म स्टार अजय देवगन की मनोदिव्यांग बच्चों से मुलाकात।

इंटरनेशनल क्रिएटिव आर्ट सोसाइटी के संस्थापक डॉ. आतिश त्रिवेदी और ग्रीष्मा त्रिवेदीने नवजीवन चैरिटेबल ट्रस्ट संचालित हरिकृष्ण दाह्याभाई स्वामी स्कूल फॉर मेंटली चैलेंज्ड-अहमदाबाद के २६ जितने मनो दिव्यांग छात्रों को ६, अगस्त मंगलवार को फिल्म स्टार अजय देवगन के साथ साक्षात्कार करवाया। संस्थान के प्रशासक नीलेश पंचाल और संगीता पंचाल भी छात्रों के साथ शामिल हुए थे।

यह मुलाकात मांडवी-भुज में फिल्म "भुज-द प्राइड ऑफ इंडिया" की शूटिंग स्थल पर आयोजित की गई। शूटिंग देखते हुए छात्रों ने अजय देवगन के साथ समुद्र तटों और सेरेना रिज़ॉर्ट का आनंद लिया। मनो दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई चीजों और नवीनीकरण संस्थान की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद, अजय देवगन ने भी मनो दिव्यांग के साथ फोटोग्राफी की और सभी बच्चों से हाथ मिलाया और गरबा भी किया। और उनके साथ समय बिताया। संस्थान की छात्राओं ने अजय देवगन को राखी भी बाँधी। इस बधाई यात्रा के लिए संस्था सिनेस्टार श्री अजय देवगन के साथ साथ डॉ. आतिश त्रिवेदी और ग्रीष्मा त्रिवेदी के आभारी रहेंगे।

- नीलेश पंचाल - 9824263608









**ॐकार फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित ॐकार दिव्यांग ट्रेनिंग डे-केर सेन्टर में दि.१४ /०८ /२०१९ को राखी का त्यौहार मनाया गया। जिसमें, २५ से ३० दिव्यांग बहनों ने दिव्यांग भाईओं को राखी बांधकर मुँह मीठा करवाया। भाईओं ने बहनों को उपहार दे कर इस भाई-बहन के अनोखे प्रेम का पर्व मनाया।**












# गायत्री दिव्यांग मानव मंडल संस्थाने मनाया स्वतंत्रता और राखी पर्व

गा गायत्री दिव्यांग मानव मंडल संस्था द्वारा १५ अगस्त को राखी पर्व और स्वतंत्रता दिन और सावन माह की पूर्णिमा के अवसर पर दिव्यांग भाईओ और बहनों को ट्राइसिकल, घोड़ी और स्टिक का वितरण किया गया। कुदरती आपदा में जिन के पैर कट गए हो उनको निःशुल्क ट्राइसिकल का वितरण किया।

गायत्री दिव्यांग मानव मंडल संस्थान द्वारा समा प्राथमिक शाला में स्वतंत्रता दिन के उपलक्ष में राष्ट्रध्वज फ़हराया गया और बच्चों को चॉकलेट बांटी गई। राखी के इस अवसर पर सर्व स्वतंत्रता सेनानीओ को शुभेच्छा और देश के लिए शहीद हुए लोगों को श्रध्धांजलि अर्पण की गई।







ॐकार फाउन्डेशन ट्रस्ट संचालित ॐकार दिव्यांग ट्रेनिंग डे केर संस्था के मानसिक दिव्यांग बच्चों के द्वारा जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर शाला में कृष्ण-जन्मोत्सव बच्चों के अभिभावकों के साथ मनाया गया । अपने जन्मदिन की ख़ुशी में श्री रोनकभाई पटेल के द्वारा बच्चों को अल्पाहार दिया गया।















अ अगस्त माह में ॐकार फाउन्डेशन ट्रस्ट संचालित ॐकार दिव्यांग ट्रेनिंग डे केर संस्था की विद्यार्थिनी निधि जैन का जन्मदिन संसथान में मनाया गया। जन्मदिन की ख़ुशी में संस्था द्वारा केक लाया गया था। ॐकार शाला के सभी बच्चों ने आनंद और उल्लास के साथ हिस्सा लिया। शिक्षकगण और बच्चों ने निधि को केक खिलाकर शुभकामनाए दी। उस दिन बच्चों ने साथ मिलकर अल्पाहार भी किया। निधि के जन्मदिन के अवसर की एक झलक...















स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर